# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा

क्रमांक / भण्डार / 2024 / 106 रीवा दिनांक 02-08-24

## ई–निविदा (H-1)

पंजीकृत फर्मों से विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं की अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य रद्दी विक्रय हेतु निविदा की शर्तो के अध्याधीन आनलाइन ई–निविदा दिनांक 23.08.24 ....... तक आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.apsurewa.ac.in पर तथा https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर भी देखा जा सकता है।

कुलसचिव

## ई–निविदा के सामान्य निर्देश (H-1)

पंजीकृत फर्मों से विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं की अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य रद्दी विक्रय हेतु निविदा की शर्तो के अध्याधीन आनलाइन ई–निविदा दिनांक 23.08.24 ...... तक आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.apsurewa.ac.in पर तथा https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर भी देखा जा सकता है।

- निविदा प्रपत्र आनलाइन दिनांक 02-8-24 से मिलना प्रारम्भ होकर दिनांक 23-08-24 को अपरान्ह 5.00 बजे तक क्रय किया जा सकता है।
- निविदा प्रपत्र आनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि 23-08-24 अपरान्ह 5.00 बजे तक।
- निविदा प्रपत्र के दस्तावेज विश्वविद्यालय कार्यालय में शीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 23-08-24 अपरान्ह 5.00 बजे तक।
- निविदा प्रपत्र के तकनीकी दस्तावेजों के परीक्षण की तिथि दिनांक 27-08-24 को अपरान्ह 3:00 बजे तक।
- तकनीकी रूप से पात्र पाये गये निविदाकारों की वित्तीय बिड आनलाइन खोली जावेगी।

डाउनलोड कर भेजे जाने वाले निविदा प्रपत्र की राशि रूपये 2000/– की आनलाइन रसीद संलग्न करना अनिवार्य है। जो वापसी योग्य नहीं है। इसके अभाव में निविदा अमान्य करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

नोटः–निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा। समाचार पत्र में नही।

कुलसचिव

# ई–निविदा की शर्तें (H-1)

> पंजीकृत फर्मों से विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं की अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य रद्दी विक्रय हेतु निविदा की शर्तो के अध्याधीन आनलाइन ई–निविदा दिनांक 23-08-24 तक आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.apsurewa.ac.in पर तथा https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर भी देखा जा सकता है।
>
> कुलसचिव

(1.) निविदा के साथ जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, पैन नम्बर की प्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः सलग्न करें।

(2.) निविदा कर्ता को किसी भी संस्था द्वारा ब्लैक लिस्टेड (काली सूची) ना किया गया हो इस आशय का सपथ पत्र रूपये 100/– के स्टाम्प पेपर में देना होगा।

(3.) तकनीकी रूप से पात्र पाये गये निविदाकारों की ही निविदा आनलाइन खोली जावेगी। निविदायें दिनांक 27-08-24 को **अपरान्ह 3:00 बजे** निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जावेगी।

(4.) आनलाइन सबमिशन की गई तकनीकी दस्तावेजों की स्वहस्ताक्षरित प्रति बाई हेण्ड प्रस्तुत करने का दिनांक 23-08-24 **अपरान्ह 5:00 बजे** तक। दस्तावेज शीलबन्द लिफाफें में प्रस्तुत कियेजायें।निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त निविदा लिफाफा अमान्य होगा। लिफाफें पर **"अनुपयोगी उत्तर पुस्तिका विक्रय सम्बन्धी तकनीकी दस्तावेज"** अंकित किया जाय।

(5.) निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.apsurewa.ac.in पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app से डाउनलोड कर भरें। प्रपत्र की मूल्य राशि रूपये 2000/–(वापसी योग्य नही) की आनलाइन रसीद संलग्न करना अनिवार्य है।

(6.) निविदा के साथ रूपये 50000/–(पचास हजार) की अमानत राशि (अर्नेस्ट मनी) आनलाइन कुलसचिव अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) के पक्ष में संलग्न करना आवश्यक है। इसके अभाव में निविदा अमान्य कर दी जावेगी। (कार्य पूर्ण पश्चात वापसी योग्य)
**नोट :– पूर्व मे जमा अमानत राशि मान्य नही होगी।**

(7.) निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय माननीय कुलपति जी का होगा। तथा न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जिला न्यायालय रीवा होगा।

(8.) सफल निविदाकार को रद्दी कागज के प्रदाय हेतु विश्वविद्यालय द्वारा सूचित किया जावेगा, तथा उसे रद्दी की अनुमानित कीमत की राशि एम.पी. आनलाइन/डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करने पर ही रद्दी प्रदायकी जा सकेगी। सफल निविदाकार को अनुमानित कीमत के अतिरिक्त रूपये 100000/(रूपये एक लाख) की राशि जमा करनी होगी। जिसे अंतिम तौल में समायोजित किया जावेगा।

(9.) निविदाकर्ता द्वारा अनुबंध एवं शर्तो को पालन न करने पर विश्वविद्यालय द्वारा अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी।

(10.) खाली ट्रक का वजन धर्मकॉटे पर किया जाकर तथा रद्दी बोरे में भरने के पश्चात वजन पुनः उसी धर्मकॉटे पर विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति के समक्ष किया जायेगा। सामग्री विश्वविद्यालय के जिन भवनो में रखी है उसी हालत में प्रदाय की जावेगी। निविदाकर्ता द्वारा कार्यालयीन समय में सामग्री का अवलोकन भी किया जा सकता है।

(11.) सफल निविदाकार जिसकी दरें विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत कर दी गयी हो, उसके द्वारा किसी भी प्रकार की चूक होने पर विश्वविद्यालय उसे रद्दी कागज प्रदाय करने के लिए बाध्य नही होगा, तथा विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह सामग्री का सम्पूर्ण या आधा भाग किसी अन्य निविदाकार को देगा तथा उससे होने वाली क्षति का समायोजन फर्म की जमा अमानत राशि से कर लिया जायेगा। आवश्यक हुआ तो निविदा शर्त क्र. 09 अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

(12) अनुपयोगी उत्तरपुस्तिकाओं एवं अन्य रद्दी कागज के लिए अलग–अलग दरें अंकित की जावे। सामग्री उच्चतम् दर वाली फर्म को उसकी निविदा स्वीकृत होने पर प्रदाय की जावेगी। सफल निविदाकार को अनुबंध दिनांक से 15 दिवस के अन्दर सम्पूर्ण सामग्री उठानी होगी। आवश्यक होने पर दोनो पक्षकारो की सहमति से समय बृद्धि की जा सकेगी। बिलम्ब की स्थिति में रूपये 500/– प्रति दिन के दर से कटौती निविदाकार की अमानत राशि या जमा राशि जो भी उपलब्ध होगी, उससे की जावेगी ।

(13.) सफल निविदाकार को इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि प्रदाय की गई उत्तपुस्तिका या अन्य रद्दी गला (पल्प कर) दी गई है, प्रमाण पत्र गलाने (पल्प) वाली मिल्स से जारी हुआ होना चाहिए, तत्पश्चात अमानत राशि वापस की जावेगी।

(14.) सफल निविदाकार को रूपये 500/– के स्टाम्प पेपर में अनुबन्ध निष्पादित करना होगा।

(15.) उत्तरपुस्तिकायें विश्वविद्यालय के जिन भवनों में रखी हैं वहाँ से ही उठानी होगी।

(16.) निविदा के साथ वांछित अभिलेखों को आवश्यक रूप से ध्वजित करें।

निविदा प्रपत्र

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

## अनुपयोगी उत्तरपुस्तिकाओं एवं अन्य रद्दी कागज के विक्रय हेतु निविदा फार्म

निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 23-08-24.....सायं 5:00 तक

| क्र0 | कार्य का विवरण | अनुमानित मात्र | अनुमानित दर (पूर्व वर्ष की) | निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत दर प्रति क्विंटल में |
|---|---|---|---|---|
| 01 | अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य रद्दी कागज का विक्रय मूल्य – | | | |
| | अ–अनुपयोगी (लिखित) उत्तरपुस्तिका की दर (दर–प्रति क्विंटल में) | 250 क्विंटल (अनुमानित) | रू. 2726/– प्रति क्विंटल | |
| | ब– अन्य रद्दी (समाचार पत्र, लिफाफे, पुराने प्रश्न पत्र एवं इत्यादि) की दर प्रति क्विंटल में – | अभी मात्रा ज्ञात नहीं है। | रू. 2311/– प्रति क्विंटल | |

दिनांक ..............................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर मुहर सहित